>

Title: Need to develop Buxar in Bihar as a tourist place of national importance and conserve the historical monuments at the site.

श्री जगदानंद सिंह (बक्सर): बक्सर पौराणिक काल से राÂष्ट्रीय ज्ञान का केन्द्र रहा है। विश्वमित्र का आश्रम गुरूकुल के रूप में प्रसिद्ध रहा है जहाँ स्वयं भगवान श्री राम ने शिक्षा पाई थी। अत्याचार-अनाचार से संघÂान बक्सर में ही शुरू हुआ था जिसका परिणाम अंत में लंका युद्ध रहा।

धर्म संस्कृति-ज्ञान के केन्द्र के रूप में स्थापित बक्सर का स्थान वर्तमान में उपेक्षा का दंश झेल रहा है। जिन स्थानों पर भ्रमण एवं साधनों के द्वारा राजकुमार "राम" का व्यक्तित्व ऐसे ढांचे में ढला कि भारत राÂट्र में भगवान का दर्जा मिला वही स्थान अपने वर्तमान में इतिहास को तलाश रहा है।

बक्सर का इतिहास जब राÂट्र के गर्व का विÂषय है तब इस स्थान को संवारना तथ देश दुनिया में पयटन के मानचित्र पर लाना केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। आज भी बिहार राज्य का पश्चिमी सीमान्त इलाका माँ गंगा के किनारे अवस्थित बक्सर, राज्य सरकार की तथा केन्द्र सरकार के कर्तव्यबोध का इंतजार कर रहा है।

श्री राम यदि भारत के स्थापित संस्कृति की पहचान हैं तो बक्सर भी राÂट्र का एक सांस्कृतिक केन्द्र है। बक्सर में केन्द्रीय सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा साउंड एवं लाईट कार्यक्रम की स्थापना की गई थी जो लंबे उपेक्षा के कारण समापत हो गया। बक्सर इतिहास की धरोहर को ही नहीं संजोया है बल्कि वर्तमान में अनेकों पर्व एवं त्यौहारों पर लाखों की भीड़ इकट्ठा होकर संस्कृति को जीवंत बरकरार रखा है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि बक्सर को पर्यटन की दृÂिट से राम-जानकी सर्किट को प्रमुख स्थान के रूप में मान्यता दी जाये तथा आर्किलॉजी विभाग प्राचीन स्थलों को संरक्षित करे ताकि पौराणिक काल की मान्यताओं को संजोये बक्सर की पहचान न मिटने पावे। राÂट्र के सांस्कृतिक केन्द्र राÂष्ट्र की धरोहर होती है और आज मैं सदन के माध्यम से इसी कर्तव्य बोध को जागृत करने की चेÂष्टा की है।

...(*Interruptions*)

SHRI T.R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Where is the Minister?

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Sir, the hon. Minister is just coming. He is on his way. In the meanwhile, we may start any other speech which is on and then you may permit him to make the Statement....(*Interruptions*). He is just coming. He is on his way....(*Interruptions*)

_